PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Monday 10th February 2014, Page: 12**
**Width: 4.06 cms, Height: 6.75 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-10.38.106**

# अगला वित्त वर्ष फार्मा क्षेत्र के लिए अच्छा होगा

**मुंबई।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने अगले वित्त वर्ष के लिए फार्मा क्षेत्र के अपने परिदृश्य को स्थिर से सकारात्मक कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने निर्यात बढ़ने की वजह से यह क़दम उठाया है। इंडिया रेटिंग्स की 2014 की फार्मा परिदृश्य रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू दवा क्षेत्र ऊंची इकाई अंक की वृद्धि दर्ज करेगा। विनिर्माण सुविधाओं के बेहतर इस्तेमाल से कंपनियों का मुनाफा मार्जिन बढ़ेगा। ज्यादातर भारतीय फार्मा कंपनियों के परिदृश्य को इंडिया रेटिंग्स ने स्थिर रखा है। *(एजेंसियां)*